फैशन के मामले में चित्रांगदा को सिंपल स्टाइल पसंद

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह अपनी स्टाइल को सरल और ऑर्गेनिक रखने में यकीन करती हैं और उनका कहना है कि वह फैशन के मामले में बहुत ज्यादा नहीं सोचती और इसे तूल नहीं देती हैं। चित्रांगदा ने सहज रूप से स्टाइलिश रहने के बारे में पूछे जाने प बताया, मैं बहुत ज्यादा इस बारे में नहीं सोचती और इसे सरल और ऑर्गेनिक रखना पसंद करती हूं। एक मशहूर शख्सियत होने के नाते आपकी ड्रेसिंग सेंस ऐसी होनी चाहिए जो आपके व्यक्तित्व को दर्शाएउन्होंने कहा, मैं ब्रांड्स पर ज्यादा ध्यान नहीं देती और मेरा मानना है कि अगर आप किसी चीज में सहज हैं तो फिर उसे चुने। अभिनेत्री ने कहा कि वह इस पर भी ज्यादा ध्यान नहीं देतीं कि बाहर निकलने पर उन्हें क्या पहनना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह अपने बालों पर खासा ध्यान देती हैं क्योंकि उनका मानना है कि बाल का हमेशा अच्छा दिखना जरूरी है।

सारा और जाह्नवी के साथ फिल्म में काम करना चाहते हैं वरूण

बॉलीवुड के चॉकलेटी हीरो वरूण धवन, सारा अली खान और जाह्नवी कपूर के साथ काम करना चाहते हैं।

वरुण धवन ने कहा है कि वह सारा और जाह्नवी के साथ फ़िल्म करना चाहते हैं। वरुण इन दिनों हैदराबाद में आलिया भट्ट के साथ अपनी आने वाली फ़िल्म 'कलंक' की शूटिंग में लगे हुए हैं। वरुण ने अपने इन्स्टा अकाउंट पर अपने फैन्स से बाते की और इस दौरान किसी ने उनसे पूछा कि वो आने वाले समय में किन एक्टर्स के साथ काम करना चाहते हैं, जिसके जवाब में वरुण ने कहा कि सारा और जाह्नवी बहुत अच्छा काम कर रही हैं। आयुष्मान खुराना और राजकुमार राव के साथ भी मैं काम करना चाहूंगा। वरुण ने कहा कि वो जल्द ही रेमो डीसूज़ा के साथ एक डांस बेस्ड फ़िल्म करने वाले हैं जिमसें डांसर और कोरियोग्राफर धर्मेश, पुनीत, शक्ति और सलमान भी होंगे। वरुण ने बताया कि इस फ़िल्म का म्युज़िक कमाल का होगा और एक डांस नंबर कैटरीना कैफ का भी होने वाला है और ऐसे कई सरप्राइज़ आने वाले दिनों में सामने आने वाले हैं।

'कलंक' के बारे में बात करते हुए वरुण ने कहा कि मैंने इस फ़िल्म के लिए बहुत मेहनत की है।

अच्छी बॉडी बनाने से लेकर बहुत सारे इमोशन्स से यह फ़िल्म बनायी जा रही है। यह मेरे करियर की हाईएस्ट बजट फ़िल्म है। 'कलंक' अगले साल 19 अप्रैल को रिलीज़ होगी। इस फ़िल्म में माधुरी दीक्षित, सोनाक्षी सिन्हा, आदित्य रॉय कपूर, कुणाल खेमू और संजय दत्त भी हैं। इस फ़िल्म को अभिषेक वर्मन निर्देशित कर रहे हैं और करण जौहर और साजिद नाडियाडवाला इसे प्रोड्यूस कर रहे हैं।

दीपिका पादुकोण छपाक को लेकर उत्साहित

अभिनेत्री दीपिका पादुकोण छपाक को लेकर बहुत उत्साहित हैं जो एक एसिड अटैक पीड़िता की कहानी है। दीपिका ने कहा, आघात और विजय की कहानी। और कभी न हार मानने वाली मानवीय भावना। फॉक्स स्टार स्टूडियो के साथ छपाक पर काम करने को लेकर उत्साहित हूं।

मेघना गुलजार के निर्देशन में बन रही फिल्म एसिड अटैक पीड़िता लक्ष्मी अग्रवाल के जीवन से प्रेरित है। फॉक्स स्टार की इस परियोजना में विक्रांत मैसी भी नजर आएंगे।

मेघना ने विक्रांत के चरित्र के बारे में कहा था, वह एक उत्तर भारत का शख्स है जो कामकाज करता था लेकिन वह सब छोड़ एक अभिनेता बन जाता है। इसके बाद वह एसिड अटैक हिंसा के खिलाफ अभियान शुरू करता है। मुझे खुशी है कि विक्रांत फिल्म का हिस्सा हैं और मुझे लगता है कि मैं अपनी और दीपिका की तरफ से बोल सकती हूं कि हम वास्तव में विक्रांत के फिल्म का हिस्सा बनने को लेकर बहुत रोमांचित हैं।